उत्तर प्रदेश शासन
औद्योगिक विकास अनुभाग–4
संख्या–5948/77–4–23–76अपील/22
लखनऊ : दिनांक 17 अक्टूबर, 2023

मैसर्स क्यूबिक इन्फार्मेशन सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड पुनरीक्षणकर्ता।

बनाम

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण। विपक्षीगण।

मैसर्स क्यूबिक इन्फार्मेशन सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ग्रेटर नोएडा में आवंटित भूखण्ड संख्या–1, सेक्टर टेकजोन–2,ग्रेटर नोएडा के सापेक्ष प्राधिकरण द्वारा निर्गत निरस्तीकरण हेतु अन्तिम नोटिस दिनांक 08.04.2022 के विरूद्ध औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम 1976 की धारा–12 सपठित उत्तर प्रदेश अर्बन प्लानिंग एण्ड डेवलपमेंट एक्ट–1973 की धारा–41(3) के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया है। प्राधिकरण का पत्र दिनांक 08.04.2022 निरस्तीकरण के पूर्व अन्तिम नोटिस है, कोई अन्तिम आदेश नहीं।

प्रश्नगत प्लाट–आई.टी/आई.टी.ई.एस. योजनान्तर्गत दिनांक 11.03.2008 को आवंटित किया गया है, जिसका रकबा–24.98 एकड़ है। आवंटित भूखण्ड की लीज प्लान के अनुसार 100989 वर्ग मीटर का पट्टा दिनांक 07.11.2013 को निष्पादित किया गया है जिसमें प्रश्नगत मन्दिर की भूमि जो 532 वर्गमीटर है वह इस लीज प्लान से बाहर रखी गई है। प्रार्थी को कब्जा दिनांक–14.11.2013 में दिया जा चुका है।

प्राधिकरण के पत्र दिनांक 17.02.2021 के साथ दी गई आख्या में यह लिखा गया है कि आवंटन मैसर्स क्यूबिक इन्फार्मेशन सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम आवंटित है और अपील मैसर्स क्यूबिक इन्फोस्पेश प्राइवेट लिमिटेड द्वारा की गई है। परन्तु पत्रावली में जो अपील की प्रति है वह मैसर्स क्यूबिक इन्फार्मेशन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से ही है। ऐसे में एक बार यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आबंटित भूखण्ड का स्थानान्तरण अथवा चेन्ज इन कान्स्टीट्यूशन नहीं किया गया है।

चूंकि आवंटी के ऊपर प्राधिकरण के देय हैं तथा आवंटी द्वारा प्राधिकरण की शर्तों के अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण करते हुये फक्शनेलिटी सर्टिफिकेट समय से नहीं ली गई है। अतः प्रशनगत पुनरीक्षण याचिका इस निर्देश के साथ निस्तारित की जाती है कि प्रार्थी नोटिस दिनांक 08.04.2022, जोकि एक अन्तिम आदेश नहीं है का समुचित उत्तर प्राधिकरण को दें और प्राधिकरण में सक्षम स्तर से निर्णय लेते हुए इसका निस्तारण किया जाए।

मनोज कुमार सिंह
अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त

संख्याः– 5948 (1)/77–4–23तद्‌दिनांक

उपरोक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा।
2. श्री मुकुल शर्मा, मै0 क्यूबिक इन्फारमेशन सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, राजूपार्क, देवली रोड, खानपुर, नई दिल्ली।
3. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(शैलेन्द्र कुमार)
अनु सचिव